वेदांत के शुद्ध लाभ में 151 फीसदी वृद्धि

सुधीर पाल सिंह
नई दिल्ली, 28 अक्टूबर



धातु और खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी वेदांत लिमिटेड ने सितंबर तिमाही में 6,202 करोड़ रुपये का समेकित कर-पश्चात लाभ दर्ज किया है। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 2,471 करोड़ रुपये के मुकाबले दोगुना से भी अधिक है। कंपनी का कुल राजस्व पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 16,445 करोड़ रुपये से 57 फीसदी बढ़कर 25,812 करोड़ रुपये हो गया।

कंपनी ने एक बयान में कहा, 'वेदांत की तिमाही आधार पर 17 फीसदी की वृद्धि के साथ कमाई ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन (एबिटा) 9,938 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। अनुकूल बाजार और नियामक कारकों के साथ-साथ मात्रा और विपणन एवं अन्य लाभ के कारण आय में यह वृद्धि देखने को मिली है।'

कंपनी ने यह भी बताया कि इस साल जून में 8,299 करोड़ रुपये की तुलना में परिचालन से नकदी प्रवाह के कारण तिमाही आधार पर शुद्ध ऋण 4,624 करोड़ रुपये घटकर 3,675 करोड़ रुपये पर आ गया। वेदांत ने सितंबर तिमाही में 5,803 करोड़ का पूंजी व्यय को हटाकर मुक्त नकदी प्रवाह दर्ज किया, जबकि इससे पहली तिमाही में यह 4,412 करोड़ रुपये था। कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही (अप्रैल से सितंबर) में 2,283 करोड़ रुपये का कुल ग्रोथ कैपेक्स रहा। उसने जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,135 करोड़ रुपये का ग्रोथ कैपेक्स में निवेश किया।

वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अरुण मिश्र ने कहा, 'कंपनी ने इस तिमाही में भी शानदार प्रदर्शन किया। खदान से धातु उत्पादन रिकॉर्ड 271 हजार टन के स्तर पर पहुंचा और लगातार छठे साल पहली छमाही में रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। जिंक, कॉपर और क्रोम उत्पादन में बेहतर प्रदर्शन के साथ गैमसबर्ग के दूसरे चरण की शुरुआत भी अच्छी रही।'